भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

24.07.2024 के

अतारांकित प्रश्न सं. 301 का उत्तर

वडक्कर रेलवे स्टेशन का नवीकरण

301. श्री शफी परम्बिल:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत वडक्कर रेलवे स्टेशन के नवीकरण की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) स्टेशन के बाहर विश्राम कक्षों, शौचालयों और पार्किंग स्थल के विकास के नवीकरण कार्यों को पूरा किए जाने की अनुमानित समय-सीमा क्या है;

(ग) क्या इस पहल से रेलवे स्टेशन को स्थानीय बस स्टैण्ड के साथ जोड़ने वाले मार्गों का विकास होगा;

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) नवीकरण परियोजना के अंतर्गत आने वाले अन्य घटक तथा समग्र परियोजना को पूरा किए जाने की अनुमानित समय-सीमा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ङ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

s.k

वडक्कर रेलवे स्टेशन का नवीकरण के संबंध में दिनांक 24.07.2024 को लोक सभा में श्री शफी परम्बिल के अतारांकित प्रश्न सं. 301 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (ङ): भारतीय रेल में रेलवे स्टेशनों के विकास के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना शुरू की गई है। इस योजना में दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ सतत आधार पर रेलवे स्टेशनों के विकास की संकल्पना की गई है।

इसमें प्रत्येक रेलवे स्टेशन पर आवश्यकता को देखते हुए रेलवे स्टेशनों पर सुविधाओं जैसे रेलवे स्टेशन तक पहुंच, परिचलन क्षेत्र, प्रतीक्षालय, शौचालय में यथा आवश्यक सुधार, आवश्यकता के अनसुार लिफ्ट/एस्केलेटर, स्वच्छता, नि:शुल्क वाई-फाई, 'वन स्टेशन वन प्रोडक्ट' जैसी योजनाओं द्वारा स्थानीय उत्पादों के लिए कियोस्क, बेहतर यात्री सूचना प्रणाली, एक्जीक्यूटिव लाउंज, व्यावसायिक बैठकों के लिए नामोदिष्ट स्थान, भूदृश्य निर्माण आदि में सुधार लाने के लिए मास्टर प्लान तैयार करना और उनका चरणबद्ध कार्यान्वयन शामिल है।

इस योजना में लंबी अवधि के दौरान रेलवे स्टेशन भवन में सुधार, रेलवे स्टेशन का शहर के दोनों भागों के साथ एकीकरण, मल्टी-मोडल एकीकरण, दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं, दीर्घकालिक और पर्यावरण अनुकूल समाधान, गिट्टी रहित पटरियों की व्यवस्था, आवश्यकता के अनुसार, चरणबद्ध रूप से एवं यथा व्यवहार्य 'रूफ प्लाजा', और रेलवे स्टेशन पर सिटी सेन्टर्स के निर्माण की संकल्पना भी की गई है।

अब तक, अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत विकास के लिए 1324 स्टेशनों की पहचान की गई है, जिसमें वडकरा रेलवे स्टेशन भी शामिल है। वडकरा स्टेशन पर प्रवेश द्वार, पार्किंग क्षेत्रों, प्लेटफार्म नं. 2 एवं 3 पर फर्श, जल निकासी में सुधार, हाई मास्ट लाइटों के

s.k

प्रावधान, गाड़ी सूचना बोर्ड, कोच डिस्पले बोर्ड, कोच पोजिशन बोर्ड आदि के कार्य शुरु कर दिए गए हैं।

बहरहाल, रेलवे स्टेशनों का विकास/पुर्नविकास/उन्नयन जटिल स्वरूप का होता है जिसमें रेलगाड़ियों और यात्रियों की संरक्षा अंतर्ग्रस्त होती है और विभिन्न सांविधिक स्वीकृतियों जैसे दमकल विभाग, धरोहर, पेड़ों की कटाई, विमानपत्तन स्वीकृति इत्यादि की आवश्यकता होती है। इनकी प्रगति ब्राउनफील्ड संबंधी चुनौतियों जैसे अतिलंघनकारी जनोपयोगी सेवाओं का स्थानांतरण (जिनमें जल/सीवेज लाइन, ऑप्टिकल फाइबर केबल, गैस पाइप लाइन, पावर/सिगनल केबल इत्यादि शामिल हैं); यात्री संचलन को बाधित किए बिना रेलगाड़ियों का परिचालन; उच्च वोल्टेज बिजली लाइनों के निकट सान्निध्य में किए जाने वाले कार्यों के कारण गति प्रतिबंध आदि के कारण भी प्रभावित होती है और ये कारक कार्य के समापन समय को प्रभावित करते हैं। अत: इस समय कोई समय-सीमा इंगित नहीं की जा सकती है।

****

s.k